वार्षिक प्रतिवेदन
हिंदी विभाग
2016-17

हिंदी विभाग छात्रों के शैक्षणिक,बौद्धिक,नैतिक एवं वैयक्तिक विकास की दृष्टि से अनेक शैक्षणिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है तथा विभागाध्यक्ष डॉ अरुण घोगरे अनेक शैक्षणिक उपक्रमों में सहभागी होते हैं। इस सत्र में विभाग द्वारा निम्नलिखित उपक्रमों का आयोजन किया गया -

1. दि. 1अगस्त 2016 को मा. प्राचार्य डॉ. आर.ए. उमेकर की अध्यक्षता में 'प्रेमचंद जयंती' का आयोजन किया गया। प्रमुख अतिथि एवं वक्ता के रूप में प्रा. आनंद बक्शी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

2. दि. 14 सितंबर 2016 को 'रोजगारोन्मुख हिंदी' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। प्रमुख अतिथि एवं वक्ता के रूप में मा.डॉ एन. जे. सूर्यवंशी एवं मा. डॉ प्रशांत गावंडे ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

3. दि. 14 सितंबर से 23 सितंबर 2016 तक पाठ्यक्रम प्रमाण पत्र (Add on Certificate Course)आयोजित किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में मा.प्रा.आनंद बक्षी मा. डॉ महेंद्र सिंह पवार एवं मा. डॉ अनिल पाखरे उपस्थित थे।

4. दि.16 सितंबर 2016 को हिंदी साहित्य मंडल की कार्यकारिणी का उद्घाटन किया गया।

5. दि. 28 सितंबर 2016 को हिंदी साहित्य मंडल का उद्घाटन एवं हिंदी दिवस समारोह मा. प्राचार्य डॉ आर .ए.उमेकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उद्घाटक के रूप में वरिष्ठ पत्रकार व लेखक मा.अनिल भाई शाह प्रमुख वक्ता के रूप में मा.राजेश जी गुप्ता एवं सुप्रसिद्ध कवि मा.अजीत अग्रवाल उपस्थित थे।

6. कला एवं वाणिज्य संकाय के छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन आयोजित किए गए।
7. मार्च के प्रथम सप्ताह में छात्रों की कठिनाइयों का निवारण किया गया।

8. दि.1जुलाई 2016 को 'वन महोत्सव -2016' कार्यक्रम में सहभागी होकर वृक्षारोपण किया।

9. दि. 21 सितंबर 2016 व 22 सितंबर 2016 को संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के यू.जी.सी. मानव विकास केंद्र में आयोजित यू.जी. सी. द्वारा प्रायोजित रिफ्रेशर कोर्स में 'भाषागत उच्चारण की सामाजिक चेतना' विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागियों का उद्बोधन किया।

10. दि. 23 दिसंबर 2016 को कला विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय चिखलदरा के एन.एस.एस.पथक द्वारा आयोजित विशेष शिविर में प्रमुख वक्ता के रूप में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर व्याख्यान दिया।

11. दि. 12 .1. 2016 को बी.एस .पाटील महाविद्यालय परतवाड़ा के एन.एस.एस.व संत गाडगे बाबा अमरावती विद्यापीठ ,अमरावती के प्रौढ़ व निरंतर मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित व्याख्यानमाला में 'राष्ट्र उन्नति साठी युवा स्वामी विवेकानंद' विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप में उद्बोधन किया।

12. दि. 17 .1. 2017 को कला विज्ञान व वाणिज्य महाविद्यालय चिखलदरा में हिंदी कार्यशाला में व्यावहारिक हिंदी विषय पर प्रमुख वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।

13. दि. 9 एवं 10 मार्च 2017 को कला विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय चिखलदरा एवं महाराष्ट्र हिंदी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं महाराष्ट्र हिंदी परिषद के 24वें अधिवेशन में दि. 10 मार्च 2017 को चतुर्थ सत्र में विषय प्रवर्तक के रूप में 'कृषक विमर्श' पर उद्बोधन किया।

14. श्री शिवाजी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय अमरावती द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका Research awaking National multi-disciplinary Peer Reviewed and referred journal की Peer Reviewed समिति में विषय विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत।

15.गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2016 का आयोजन किया। जिसमें महाविद्यालय के 50 छात्र सम्मिलित हुए। जिसमें महाविद्यालय के बी.कॉम. अंत्य के छात्र आनंद मूलचंद गौर ने अमरावती जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय का हिंदी विभाग इस तरह छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए निरंतर प्रयासरत है। इस हेतु महाविद्यालय के मा.प्राचार्य का सहयोग एवं मार्गदर्शन भी उतना ही महनीय है।

डॉ. अरूण घोगरे
सहयोगी प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष हिंदी
बी.एस. पाटील महा परतवाडा

Principal
B.S.Patil Mahavidhyalaya
Achalpur Camp (Paratwada)